# प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
# Institute for Plasma Research
भाट, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर – 382 428 (भारत)

Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
Website : www.ipr.res.in


**विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 07/2026**

## "ईटर-भारत में परियोजना निदेशक के पद के लिए रिक्ति सूचना"
## Vacancy Notice for post of Project Director, ITER-India

ITER सात सहभागी देशों (यूरोपीय संघ, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, रूस तथा संयुक्त राज्य अमेरिका) की एक सहयोगात्मक परियोजना है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए ऊर्जा के स्रोत के रूप में चुम्बकीय रूप से नियंत्रित ताप-नाभिकीय संलयन अभिक्रियाओं की व्यवहार्यता का प्रदर्शन करना है। इस परियोजना की लागत में भारत का योगदान 9.09% है, जिसमें भारतीय योगदान वस्तुरूप (in-kind) तथा नगद (in-cash) दोनों रूपों में किया जा रहा है।

ITER is a collaborative project of seven partners nations (European Union, India, China, Japan, South Korea, Russia and USA) aimed at demonstrating the feasibility of magnetically confined controlled thermonuclear fusion reactions as a source of energy for the future. India is contributing 9.09% of the cost of the project, with the Indian contributions being both in-kind and in-cash.

ईटर-भारत, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR), गांधीनगर की एक परियोजना है, जो ईटर परियोजना के अंतर्गत भारत की वस्तुरूप (in-kind) प्रतिबद्धताओं की आपूर्ति हेतु उत्तरदायी है। इन आपूर्तियों में यांत्रिक एवं विद्युत इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा भौतिकी से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रणालियाँ सम्मिलित हैं। इनमें कुछ इंजीनियरिंग-प्रधान प्रणालियाँ हैं, जैसे कि क्रायोस्टैट — लगभग 30 मीटर ऊँचा एवं 30 मीटर चौड़ा स्टील से निर्मित पात्र। अन्य प्रणालियाँ, जैसे विशाल क्रायोजेनिक प्रणालियाँ, डायग्नोस्टिक्स, आयन साइक्लोट्रॉन रेडियो फ्रीक्वेंसी स्रोत तथा डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम प्रणालियाँ, अनुसंधान एवं विकास आधारित प्रधान आपूर्तियाँ हैं।

ITER-India, a project of the Institute for Plasma Research (IPR), Gandhinagar, is responsible for the delivery of Indian in-kind commitments to the project. These deliverables involve a variety of systems involving mechanical and electrical engineering, electronics and physics. Some are engineering-intensive systems, like the Cryostat, an approximately 30 m tall and 30 m wide steel vessel. Other systems, such as large Cryogenic systems, Diagnostics, Ion Cyclotron Radio frequency Source or Diagnostic Neutral beam systems are R&D-intensive deliveries.

ईटर-भारत में लगभग 150 कर्मी कार्यरत हैं और इसका प्रशासन एक सशक्त बोर्ड द्वारा किया जाता है। परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव, ईटर-भारत के सशक्त बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं, तथा परियोजना निदेशक (PD) इस परियोजना एजेंसी के मुख्य कार्यकारी होते हैं। परियोजना निदेशक (PD) का कार्य ईटर-भारत टीम का नेतृत्व करना और भारत की वस्तुरूप (in-kind) प्रतिबद्धताओं को समय, लागत और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक पूरा कराना है। इसके साथ ही, उन्हें

भारतीय एजेंसियों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना भी होता है। उनसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे ज्ञान के प्रसार को सुनिश्चित करें, जिसमें ईटर-भारत के युवा इंजीनियरों एवं वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन शामिल हो, ताकि भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक समुदाय को इसका लाभ मिल सके। साथ ही, परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों का निष्पादन करना तथा प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR) और परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्य संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करना भी उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है। परियोजना निदेशक, ईटर-भारत, IPR के निदेशक को रिपोर्ट करते हैं, जो ईटर-भारत के मुख्य वैज्ञानिक भी होते हैं।

ITER-India has around 150 staff and is administered by an Empowered Board. The Secretary, DAE is Chairman of the ITER-India Empowered Board, and the Project Director (PD) is the Chief Executive of the project agency. The PD is responsible for leading the ITER-India team for the successful delivery of the Indian in-kind commitments within time, cost and schedule, as well as coordinate with Indian agencies and International Organizations. He/she is also expected to ensure dissemination of knowledge including mentorship of young engineers and scientists from ITER India among the Indian scientific and industrial community, carry out all administrative and financial tasks related to the execution of the project and work in close coordination with the Institute for Plasma Research (IPR) and other DAE institutions. The PD ITER-India reports to Director IPR, who is Chief Scientist, ITER-India.

ईटर-भारत, परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) की इकाइयों/सहायता प्राप्त संस्थानों से संभावित अभ्यर्थियों के आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है। IPR के अतिरिक्त अन्य DAE संगठनों से चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रारंभिक रूप से पाँच वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी। यदि ईटर-भारत परियोजना का समापन पाँच वर्ष की अवधि से पूर्व हो जाता है, तो परियोजना निदेशक को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे समान स्तर पर पाँच वर्ष की अवधि पूर्ण करने हेतु IPR में प्रतिनियुक्ति पर बने रहें अथवा अपने मूल विभाग/संस्थान में वापस लौट जाएँ। प्रतिनियुक्ति के दौरान पारिश्रमिक, DAE में लागू प्रतिनियुक्ति संबंधी नियमों के अनुसार देय होगा।

ITER-India is seeking applications/nominations of prospective candidates from within DAE Units/Aided Institutes for appointment as Project Director. Candidates from DAE organizations other than IPR will be appointed on Deputation basis for an initial period of five years. In the event of the closure of the ITER India project before 5 years, the PD will be given an option to remain in deputation at IPR to complete the tenure of 5 years at the same level or go back to his parent unit/institute. The remuneration will be as per rules governing Deputation within DAE.

**<u>पात्रता मानदंड:</u>**

1) अभ्यर्थी परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) की घटक इकाइयों/सहायता प्राप्त संस्थानों का नियमित कर्मचारी होना चाहिए तथा 7वें वेतन आयोग (7th CPC) के अनुसार वेतन स्तर 14 या उससे अधिक में होना चाहिए।
2) आयु : अभ्यर्थी के पास दिनांक 22.06.2026 को कम-से-कम 5 वर्ष की शेष सेवा होनी चाहिए। यह मानदंड उन अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 2 वर्ष तक शिथिल किया जा सकता है, जिनके पास संलयन (Fusion) से संबंधित परियोजनाओं में कम-से-कम 15 वर्ष का अनुभव हो।

3) शैक्षणिक योग्यता: न्यूनतम एम.एससी. (भौतिकी) अथवा इंजीनियरिंग में बी.एससी. (इंजी.)/ बी.ई./बी.टेक.।

4) आवश्यक अनुभव:
   a) किसी मेगा/बड़े वैज्ञानिक परियोजना में अग्रणी भूमिका में कम-से-कम 10 वर्ष का अनुभव, जिसमें उच्च-मूल्य के अनुबंधों का प्रबंधन तथा उच्च-मूल्य उपकरणों/प्रणालियों के निर्माण/डिज़ाइन में सहभागिता शामिल हो (संबंधित दस्तावेज संलग्न करें)।
   b) नाभिकीय विखंडन/संलयन प्रौद्योगिकियों की जानकारी।

5) वांछनीय :
   a) ITER परियोजना के साथ पूर्व में कार्य का अनुभव।
   b) संप्रेषण कौशल: तकनीकी एवं प्रबंधकीय संचार में प्रवीणता।
   c) अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ बातचीत का अनुभव (उदाहरण दें)।
   d) विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में बहु-विषयक टीमों का नेतृत्व करने का अनुभव (औचित्य – क्योंकि इसमें यांत्रिक, विद्‌युत, इंस्ट्रूमेंटेशन और भौतिकी आदि जैसे व्यापक क्षेत्र शामिल हैं)
   e) अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों एवं डिज़ाइन कोड (ISO/ASME) का ज्ञान।

6) ईटर-भारत, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR), गांधीनगर की एक परियोजना है। चयन होने की स्थिति में, IPR के बाहर के अभ्यर्थियों को नियुक्ति की अवधि के लिए IPR में प्रतिनियुक्ति का विकल्प चुनना होगा।

**Eligibility Criteria:**

1) The candidate must be a regular Employee of DAE Constituent Units/Aided Institutes in Pay Level No. 14 or higher as per 7th CPC.

2) Age : Applicant should have 5 years of service left as on 22.06.2026. This criterion can be relaxed by maximum upto 2 years for those candidates who have atleast 15 years of experience in working on fusion related projects.

3) Academic Qualification: Minimum M.Sc. (Physics) or B.Sc.(Engg)/B.E./B.Tech. in Engineering.

4) Essential experience:
   a) At least 10 Years in a leading position in a Mega / Large Scientific project, managing high-value contracts involvement in manufacturing/design of high value equipment/systems (attach relevant documents).
   b) Familiarity with Nuclear Fission/Fusion Technologies.

5) Desirable:
   a) Past involvement with ITER project.
   b) Communication Skill: Proficient in technical and managerial communications.
   c) Negotiation experience with international partners (cite examples).
   d) Experience in leading multi-disciplinary teams across diverse engineering streams (justification – since the deliverables cover a wide : mechanical, electrical, instrumentation and physics etc domains )
   e) Knowledge of international quality standards and design codes (ISO/ASME)

6) ITER-India is a project of the Institute for Plasma Research, Gandhinagar, Gujarat. In the event of selection, candidates from outside IPR will have to opt for Deputation to IPR for the duration of the appointment.

**<u>चयन प्रक्रिया :</u>**

परियोजना निदेशक के चयन हेतु गठित एक खोज समिति इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ प्रतिष्ठित व्यक्तियों से प्राप्त नामांकनों पर भी विचार करेगी। आवश्यकता पड़ने पर, खोज समिति पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। साथ ही, खोज समिति बिना कोई कारण बताए सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

खोज समिति की अनुशंसाएँ ईटर-भारत के सशक्त बोर्ड के अध्यक्ष तथा परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव को प्रस्तुत की जाएँगी। सशक्त बोर्ड की स्वीकृति के पश्चात, नियुक्ति आदेश प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान के निदेशक एवं ईटर-भारत के मुख्य वैज्ञानिक द्वारा जारी किया जाएगा।

**<u>Selection procedure :</u>**

A Search Committee constituted for the purpose of selection of the Project Director will consider applications received in response to this advertisement as well as nominations received from eminent persons. If required, the Search Committee reserves the right to call eligible candidates for interview. The Search Committee also reserves the right to reject all applications without assigning any reasons therefore.

The Search Committee's recommendations will be submitted to Chairman, ITER-India Empowered Board (EB) and Secretary DAE. Following approval by the EB, the appointment order will be issued by Director, Institute for Plasma Research and Chief Scientist, ITER-India.

**<u>आवेदन प्रक्रिया:</u>**

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप (प्रोफॉर्मा) में अपना विस्तृत बायोडाटा प्रस्तुत करते हुए आवेदन कर सकते हैं। सादे कागज पर टंकित आवेदन, आवश्यक संलग्नकों सहित, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्न पते पर भेजा जाए:

**निदेशक कार्यालय,**
**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**इंदिरा ब्रिज के पास, भाट,**
**गांधीनगर– 382 428 (गुजरात)**

पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि: 22-06-2026 है। आवेदन की अग्रिम प्रति ई-मेल के माध्यम से director@ipr.res.in पर भी भेजी जा सकती है।

सभी आवेदन उचित माध्यम के द्वारा अग्रेषित किए जाने चाहिए।

निर्धारित प्रोफॉर्मा संस्थान की वेबसाइट **www.ipr.res.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

आवेदन पत्र वाले लिफाफे के शीर्ष पर स्पष्ट रूप से निम्न अंकित होना चाहिए: "APPLICATION FOR THE POST OF PROJECT DIRECTOR, ITER-INDIA"

IPR/ITER-India डाक-प्रेषण के दौरान किसी भी आवेदन के खो जाने के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।

**Application Procedure :**

Interested individuals may apply giving their detailed Resume, in the prescribed proforma. The application typed on plain paper along with enclosures may be sent by Registered/Speed Post to:

**Director's Office,**
**Institute for Plasma Research,**
**Near Indira Bridge, Bhat,**
**Gandhinagar – 382 428 (Gujarat)**

The last date for receipt of application by Registered post/Speed Post is: 22-06-2026. An advance copy of the application can also be sent by E-mail to: director@ipr.res.in

All applications should be routed through proper channel.

The prescribed proforma may be downloaded from the Institute's Website www.ipr.res.in

The Envelope containing the application form should have inscribed on the top: "APPLICATION FOR THE POST OF PROJECT DIRECTOR, ITER-INDIA".

IPR/ITER-India will not be responsible for loss of any application in transit.

--------------------------------------------------------------------------------